# हत्या करने वाले बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल रस्सी व डंडा बरामद

(दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी रमेश सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना गिलौला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 188/2024 धारा 103(1) ठछै से त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बाल अपचारी जीतेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 रामदेव भास्कर निवासी मोहरनिय ाडीह दा0 चेतियामुरार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को मुखबिर खास की सूचना पर को

पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा आलाकत्ल रस्सी, डंडा बरामद भी बरामद किया गया।

02 अक्तूबर 2024 को आवेदिका निवासी मोहरनिया डीह दा0 चेतियामुरार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना गिलौला पर उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया कि उनके लड़के रामदेव भास्कर पुत्र स्व0 दुखीराम निवासी मोहरनिया डीह दा0 चेतियामुरार थाना गिलौला को उनके ही पोते जीतेन्द्र कुमार पुत्र रामदेव भास्कर निवासी उपरोक्त के द्वारा डंडे से मारने पीटने व रस्सी से गला घोट देने जिससे मौके पर ही रामदेव भास्कर की मृत्यु हो गयी है। जिनके सम्बन्ध

में दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 188/2024 धारा 103(1) BNS थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती में पंजीकृत कर त्वरित विधिक कार्यवाही करते हुए

वांछित बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया साथ ही घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल रस्सी व लकड़ी का डंडा भी बरामद किया गया।